# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बज

---

## मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हुए शामिल : कुंभ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक सम्मेलन को भी किया सम्बोधित।
2. महाकुंभ में आज राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और धर्मेन्द्र प्रधान ने लगाई आस्था की डुबकी।
3. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात हुई भगदड़ में 18 लोगों की हुई मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक : घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित।

और

4. वाराणसी में काशी–तमिल संगमम–3 में आज दूसरे दिन तमिल मेहमानों ने गंगा स्नान के बाद प्राचीन मंदिरों में किया दर्शन–पूजन।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज में कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि आस्था के साथ–साथ हमें जलवायु परिवर्तन के कारकों पर विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव जंतु सभी का जीवन चक्र मनुष्य के साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दस वर्ष पहले गंगा अविरल और निर्मल नहीं थी। उत्तर प्रदेश में नदियों को पुनजीवित करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले तैंतीस दिनों में 52 करोड़ लोग त्रिवेणी में स्नान कर चुके हैं। बाइट...

*13 जनवरी से लेकर के 16 फरवरी के बीच इन तैंतीस दिनों में बावन करोड़ श्रद्धालु माँ गंगा, यमुना और माँ सरस्वती की इस पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके होंगे और जो भी डुबकी लगा रहा है वह एक आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर रहा होगा। अपने अनुभव को जो अपने गांव में और अपने आसपास के क्षेत्र में साझा कर रहा है तो वहां से फिर बड़े पैमाने पर श्रद्धालु आकर के इस पूरे आयोजन को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचा रहे हैं कि दुनिया का ये सबसे बड़ा आयोजन बन गया है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए जन–भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सरकार अपने स्तर पर कार्य कर रही है लेकिन हमारा भी प्रयास होना चाहिए कि हम भी इसमें कैसे भागीदार बन सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर

प्रदेश में पिछले 8 वर्षों के दौरान हमारी सरकार ने 210 करोड़ वृक्षारोपण किया है।

*उत्तर प्रदेश में पिछले आठ वर्ष के अंदर हमारी सरकार ने दो सौ दस करोड़ वृक्षारोपण किए। डीजल से चलने वाली बसे के स्थान पर इलेक्ट्रिक बस को प्राथमिकता दी। मर चुकी नदियों को फिर से पुनर्जीवित करने का काम किया। आज जो संगम में इतना पावन स्नान एक साथ एक दिन में अन्य कुंभ के अवसर पर मौनी अमावस्या के दिन जितनी भीड़ होती थी, उतनी भीड़ इस बार हर दिन हो रही है और कारण था नदी को चौनलाइज किया गया संगम का दायरा बढ़ाया गया।*

इस अवसर पर जगद्गुरुशंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, परमार्थ आश्रम के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती, मुनि जगद्गुरु स्वामी मुकुंदानंद वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना एवं राज्य मंत्री केपी मलिक समेत विधायक व अधिकारी उपस्थित रहे।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज में साधु संतों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यहां जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी से भेंट कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बाद वे सदाफल आश्रम स्थित स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट पहुंचे, जहां उन्होंने साधु–संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संत समाज के साथ संवाद कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और वहीं संतों ने योगी सरकार की तैयारियों की सराहना की।

————————

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लागातार जारी है। अब तक लगभग 51 करोड़ 47 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। इसी क्रम में आज राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने संगम में पवित्र स्नान किया। राज्यपाल ने त्रिवेणी में स्नान के साथ ही बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट और सरस्वती कूप में दर्शन–पूजन भी किया। महाकुंभ में स्नान के बाद अभिभूत हुई राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा कि यहा श्रद्धालुओं के लिए बेहतरीन व्यवस्था की गई है। इस समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में आकर स्नान कर रहे हैं और प्रशासन का पूरा प्रयास है कि किसी भी श्रद्धालु को कोई भी परेशानी न हो।

वहीं केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मां गंगा के दर्शन हुए। उन्होंने कहा कि लाखों लोग कुंभ मेले में पहुंच रहे हैं जो इस आयोजन की लोकप्रियता को दर्शाता है।

उधर केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सपरिवार संगम में स्नान करने के बाद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉम पर लिखा– मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाना मेरा असीम सौभाग्य है।

बाइट...

*महाकुंभ में जो 144 साल के बाद हमको सौभाग्य दिया है हम आज यहां आके बहुत प्रफुल्लित है बहुत उत्साही है हमें एक सनातनी के नाते हमारा आस्था का एक परम अवसर हमको दिया है।*

केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने महाकुंभ में आयोजित 'एक जिला एक उत्पाद' प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने कुशीनगर जिले के प्रसिद्ध केले के रेशे से निर्मित कालीन की खरीददारी की और इसकी गुणवत्ता को जमकर सराहा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की यह योजना न केवल स्थानीय कारीगरों को सशक्त बना रही है, बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रदेश के उत्पादों को नई पहचान दिला रही है।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात हुई भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच शुरू हो गई है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि

इस भगदड़ में 18 लोगों की मौत हुई ह। घटना की जांच के लिए उच्च–स्तरीय समिति गठित की गई है।

*भगदड़ की दुखद घटना में 18 लोगों ने अपनी जान गंवाई और 13 लोग घायल हुए। एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसमें पंकज गंगवार, प्रिंसिपल चीफ सिक्योरिटी कमिश्नर नॉर्दन रेलवे और नरसिंह दास प्रिंसिपल चीफ कामर्शियल मैनेजर, नॉर्दन रेलवे की अगुवाई में दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।*

दिल्ली  पुलिस भी भगदड़ से पहले के घटनाक्रम का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करेगी।

उत्तर रेलवे ने इस घटना में मारे गये लोगों क परिजनों और गंभीर तथा मामूली रूप से घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की है।

*रेलवे द्वारा मृतकों के परिजनों को दस लाख रूपए, गंभीर रूप से घायल लोगों को ढाई लाख रूपए और मामूली रूप से घायल लोगों को एक लाख रूपए के मुआवजे का ऐलान किया है और मुआवजा वितरित भी किया जा रहा है और जो मृतक दूर क्षेत्रों के रहने वाले हैं उनको डेड बॉडी भेजने के लिए रेलवे का एक स्टॉफ भी उनको अकंपनी कर रहा है।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुयी भगदड़ में जान जाने और कुछ के घायल होने की घटना पर शोक जताया है। वहीं, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया एक्स पर घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि चार स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों को प्रयागराज भेजा गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में हुई जनहानि को अत्यन्त दुखद बताते हुए कहा है कि उनकी संवेदनाये शाक–संतप्त परिवारों के साथ है।

रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक यह घटना उस समय हुयी जब बीती रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की भीड़ के बीच धक्का–मुक्की होने से प्लेटफॉर्म पर भगदड़ मच गयी।

——————

वाराणसी में काशी–तमिल संगमम के दूसरे दिन आज तमिलनाडु से आये मेहमानों ने गंगा स्नान के बाद प्राचीन मंदिरों में दर्शन–पूजन किया। सभी महमानों को मंदिरों के इतिहास और भव्यता के बारे में जानकारी दो गई। इसके बाद तमिल मेहमान हनुमान धाट स्थित प्रसिद्ध कवि सुब्रम्णयम भारती के घर गये और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। उधर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में काशी–तमिल संगमम–3 के अंतर्गत आयोजित हो रहे बौद्धिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज विशेष शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्वानों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया।

——————

बाराबंकी जिले में लोनी कटरा थाना क्षेत्र स्थित पूर्वांचल एक्संप्रेस–वे पर आज सुबह एक टेंपो ट्रैवलर और बस की भिंडत में एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। दोनों वाहन अयोध्या जा रहे थे। सभी मृतक और घायल टेंपो ट्रैवलर में सवार थे। दो

घायलों को लखनऊ के ट्रॉमा संटर में भर्ती कराया गया है। अन्य चार घायलों का इलाज़ जिला अस्पताल में चल रहा है।

उधर फतेहपुर जिले में राष्ट्रीय राजमाग पर दो कारों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गये।

———————

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास प्रोत्साहन योजना में श्रावस्ती जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने आज मीडिया से यह उपलब्धि साझा करते हुए जिले के सभी नागरिकों और अधिकारियों को बधाई दी है।

———————

महाराजगंज मे केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज एक बजट संगोष्ठी मे कहा कि गरीबों और मिडिल क्लास को ध्यान में रखते हुए तथा 2047 तक विकसित भारत बनाने वाले रोडमैप वाला बजट पेश किया गया है। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार का आम बजट आम आदमी के जीवन मे खुशियां लाने वाला है।

———————